आजादी का अमृत महोत्सव

एवं

चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव

आयोजन की श्रृंखला में

प्रतिमा अनावरण एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व मुख्यमंत्री, उ.प्र.

स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा जी

दिनांक : 12 अगस्त, 2021

स्थान : योजना भवन, सरोजनी नायडू मार्ग, लखनऊ

आयोजक :

संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश

जब कभी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और असाधारण राजनेताओं का नाम लिया जाएगा, हेमवती नन्दन बहुगुणा उनमें जरूर होंगे। बहुगुणा जी अपनी प्रतिभा और क्षमता से असाधारण जीवन यात्रा की ओर बढ़े। जीवन में कठिन चुनौतियां स्वीकार कर उन्हें पार करने की कला और क्षमता में वह बेजोड़ थे। दक्षिण से लेकर उत्तर और पूरब से लेकर पश्चिम भारत तक के अनेक विद्वानों, पत्रकारों और मित्रों ने भी अपने संदेशों और लेखों के जरिए उन्हें याद किया है। उनके जीवन के अनेक पहलुओं को उजागर करते हुए उन्हें जीवंत बनाया है।

भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने गत वर्ष बहुगुणा जी की जन्म शताब्दी पर उनकी स्मृति में डाक टिकट जारी किया, यह उस महान नेता के प्रति सम्मान भाव था, जो देश के लिए जिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बहुगुणा जी की स्मृति में अनेक उल्लेखनीय घोषणाएं की हैं। उत्तराखंड सरकार द्वारा बहुगुणा जी के पैतृक गांव बुघाणी में बहुगुणा जी के नाम पर भव्य संग्रहालय भवन स्थापित कर उसे लोकार्पित किया गया है।

देश बहुगुणा जी को उनके उदार समावेशी समाजवाद के लिए कृतज्ञता से नमन करता है, वे संकुचित राजनीति से परे हमेशा वंचितों, अल्पसंख्यकों के हकों के पक्षधर रहे। अपनी पूर्ववर्ती पीढ़ी के प्रति सच्चे आदरभाव, किसानी–मजूरी से जुड़े जनसामान्य के बीच मोहक अनौपचारिकता और संसदीय आदर्शों एवं मर्यादाओं को लेकर उनके सच्चे समर्पण भाव के लिए इस सपूत के मातृ प्रदेश और राष्ट्र दोनों ही हमेशा ऋणी रहेंगे।

देश के अनेक हिस्सों में बहुगुणा जी की स्मृतियों को जीवंत बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए गए, जिसमें न केवल सरकारों का योगदान रहा, वरन व्यापक जनभागीदारी भी रही। बहुगुणा जी के अनुयायियों, उनके शुभचिंतकों और समर्थकों ने अपने अपने तरीके से उन्हें साल भर याद किया। कहीं पर उनके नाम पर पार्क, कहीं भवन, कहीं सड़क तो कहीं चौराहों के नाम घोषित किए गए।

उत्तर प्रदेश सरकार ने बहुगुणा जी की प्रतिमा स्थापित करायी है। प्रतिमा का अनावरण कार्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के प्रति कृतज्ञ भाव को प्रदर्शित करता है।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व मुख्यमंत्री, उ.प्र.

स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी के आकर्षण

अशोक शर्मा, लखीमपुर खीरी

बहुगुणा जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए
मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, मा. विधानसभा अध्यक्ष एच.एन. दीक्षित जी एवं अन्य

सुमित कुमार, अलीगढ़



बाल्यकाल में अपने प्राइमरी स्कूल के अध्यापक के साथ

सिद्धार्थ देव, बलिया

उ.प्र. के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करते हुए (1974)

मोहन वर्मा, लखनऊ

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री वी.वी. केसकर को ताम्रपत्र प्रदान करते हुए

मनोज कुमार हंसराज, लखनऊ

देहरादून में जमीन का पट्टा वितरण करते हुए

संजय राज, हमीरपुर

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खान अब्दुल गफ्फार खान का हालचाल लेते हुए

कु. हर्षिका सिंह, लखनऊ

तेल की खोज में मिडिल ईस्ट भ्रमण के दौरान

शिखा पाण्डेय, लखनऊ

ग्रामीणों के साथ बहुगुणा जी

कु. निधि चौबे, गोरखपुर

बहुगुणा जी अपनी बहनों दुर्गा व कृति के साथ

राजकुमार, सीतापुर

गोद में पौत्री उर्वशी को लिए आदिवासियों के साथ दिल्ली में

श्रीमती मधु शर्मा, लखनऊ

मदर टेरेसा का स्वागत करते हुए

आशीष अवस्थी, लखीमपुर खीरी

सी.एफ.डी. गठन के बाद आजमगढ़ में सभा को सम्बोधित करते हुए

विनोद सिंह, सीतापुर

बहुगुणा जी के साथ मा. सुषमा स्वराज जी

कृष्ण गोपाल शुक्ल, सीतापुर

हॉकी विश्वकप विजेताओं को स्कूटर भेंट करते हुए (1975)

प्रदर्शनी आयोजक

राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश